आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 21.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा – भारत में टीबी के मामलों में कमी, वैश्विक दर की तुलना में दोगुनी से अधिक कमी आई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश सरकार इस साल चारधाम यात्रा को ग्रीन चारधाम यात्रा की थीम पर संचालित करने का प्रयास कर रही है।
- देहरादून नगर निगम की, शहर के विभिन्न चौक, चौराहों और गलियों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने की तैयारी।

**टीबी मुक्त राश्ट्र**

केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत इस वर्ष टीबी मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में टीबी के मामले 2015 में प्रति लाख 237 से घटकर 2023 में 195 प्रति लाख हो गए हैं। ये वैश्विक कमी से दोगुनी से भी अधिक है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में टीबी उपचार का दायरा 32 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने टीबी के मामलों का पता लगाने के लिए 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 प्राथमिकता वाले जिलों में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया है।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में सिंचाई, लघु सिंचाई और ग्रामीण निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि जल ही जीवन और समृद्धि का आधार है, इसलिए जल संचय और जलधाराओं, गाड़–गदेरों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचय की प्रभावी व्यवस्था के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और ग्राउंड वॉटर रिचार्ज पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जमरानी

और सौंग बांध परियोजनाओं में तेजी लाने के साथ ही इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सिंचाई नहरों का अधिकतम लाभ किसानों और आमजन तक पहुंचे, जिससे जल प्रबंधन और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिले।

वर्चुअल बैठक–निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल पूरे होने के अवसर पर कल से 25 मार्च तक जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविरों का संचालन प्रभावी, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही 24 से 30 मार्च तक विकासखंड और विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविरों का संचालन भी बेहतर ढंग से करने को कहा गया है।

सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में उन्होंने शिविरों में आने वाले नागरिकों को सभी सेवाएं त्वरित और पारदर्शी रूप से प्रदान करने के निर्देश दिये, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति आवश्यक सेवाओं से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में सरकार ने विकास और जनकल्याण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी योजनाएं, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर जरूरतमंद को उसका हक मिले। उन्होंने प्रदेशवासियों से इन शिविरों में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की है।

**चारधाम पंजीकरण**

प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीकरण को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हर संभव बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए हर स्तर से ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना जरूरी होगा।

**ग्रीन चारधाम यात्रा**

प्रदेश सरकार इस साल चारधाम यात्रा को ग्रीन चारधाम यात्रा की थीम पर संचालित करने का प्रयास कर रही है। परिवहन विभाग ने भी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आर.टी.ओ, प्रशासन, सुनील शर्मा ने बताया कि विभाग की कोशिश है कि इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग हो। उन्होंने बताया कि विभाग ने चारधाम यात्रा मार्गों पर 36 ई–चार्जिंग स्टेशन तैयार किये हैं।

वहीं, परिवहन विभाग ने चारधाम यात्रा के मद्देनजर लगभग बाईस सौ बसों का बेड़ा तैयार किया है। आर.टी.ओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बेड़े में परिवहन विभाग की लगभग डेढ़ सौ से अधिक नई बसों को भी शामिल किया जाएगा।

## नगर निगम देहरादून

देहरादून नगर निगम शहर के विभिन्न चौक, चौराहों और गलियों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने की तैयारी कर रहा है। मेयर सौरभ थपलियाल ने बताया कि निगम की ओर से शहर में बढ़ते अपराध और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सी.सी.टी.वी. कैमरों की मदद ली जाएगी।

## अंतर्राश्ट्रीय वन दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में उन्होंने कहा कि वन, पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के साथ–साथ वन्य जीवों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से आग्रह किया है कि ग्रीष्मकाल में जंगलों में लगने वाली आग को रोकने में वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें। यदि कहीं वनाग्नि की घटना हो, तो इसकी जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी को मिलकर वनों की सुरक्षा का संकल्प लेने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने का आह्वान किया।

## संयुक्त मजिस्ट्रेट निरीक्षण

रानीखेत–अल्मोड़ा के संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने रानीखेत तहसील क्षेत्र के किलकोट– पंतकोटली में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस सड़क के लिए दीवार बनाए जाने की खराब गुणवत्ता की शिकायत पर संयुक्त मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दीवार पर निम्न गुणवत्ता के पत्थर लगाने पर नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों से दीवार को तोड़कर फिर से मजबूत पत्थरों की दीवार बनाने के निर्देश दिए।